# 2022

## HINDI

Paper : HIN–HC–4016

( भाषाविज्ञान, हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि )

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) किसी एक संयुक्त स्वर का उदाहरण दीजिए।

(ख) भाषा की एक परिभाषा प्रस्तुत कीजिए।

(ग) किसी एक पार्श्विक ध्वनि का उदाहरण दीजिए।

(घ) 'पद' किसे कहा जाता है?

(ङ) वाक्य की एक परिभाषा प्रस्तुत कीजिए।

(च) संयुक्त वाक्य का कोई एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(छ) खड़ी बोली हिन्दी का उद्भव किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ज) उपसर्ग किसे कहा जाता है?

(झ) भाषाविज्ञान के कितने प्रमुख अंग हैं?

(ञ) अपने संकुचिततम अर्थ में 'हिन्दी' शब्द का तात्पर्य क्या है?

(ट) अवधी बोली की एक विशेषता लिखिए।

(ठ) अर्ध स्वरों का उल्लेख कीजिए।

(ड) खड़ी बोली का एक अन्य नाम क्या है?

(ढ) अर्थ-संकोच का एक उदाहरण दीजिए।

(ण) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की ओर से 'देवनागरी लिपि तथा हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण' का प्रकाशन कब हुआ?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) आधुनिककालीन हिन्दी की कोई दो ध्वनिगत विशेषताएँ लिखिए।

(ख) भाषाविज्ञान क्या है? परिभाषित कीजिए।

(ग) प्लुत स्वर किसे कहा जाता है? एक उदाहरण दीजिए।

(घ) अवधी किन क्षेत्रों में बोली जाती है?

(ङ) अर्थ-परिवर्तन की दृष्टि से अर्थादेश क्या है?

(च) 'उप' और 'परा' उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।





(छ) सरल वाक्य में कितने अंश होते हैं? उदाहरण देकर बताइए।

(ज) शब्द और रूप में क्या अंतर है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्रयत्न के आधार पर स्पर्श, संघर्षी और स्पर्श-संघर्षी व्यंजन ध्वनियों के स्वरूप पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा और बोली के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) स्वर ध्वनियों के वर्गीकरण के किन्हीं तीन आधारों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(घ) वाक्य के अनिवार्य तत्त्व क्या-क्या हैं? विचार कीजिए।

(ङ) उदाहरण सहित अर्थ-विस्तार पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी की बोली ब्रज की भाषिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) अर्थ के आधार पर वाक्य के भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ज) देवनागरी लिपि के सुधार के किसी एक प्रयास पर चर्चा कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) भाषा-परिवर्तन के विभिन्न कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) वाक्य-परिवर्तन के कारणों पर विचार कीजिए।

(घ) बोली के रूप में खड़ी बोली का एक सामान्य परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) अर्थ-परिवर्तन के कारणों पर विचार कीजिए।

(च) स्थान के आधार पर व्यंजन ध्वनियों के वर्गीकरण पर विचार कीजिए।

(छ) ध्वनि को परिभाषित करते हुए ध्वनि-परिवर्तन के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ज) साहित्य और व्याकरण के साथ भाषाविज्ञान के संबंध पर विचार कीजिए।

(झ) आदिकालीन हिन्दी और मध्यकालीन हिन्दी की विशेषताओं पर चर्चा कीजिए।

(ञ) देवनागरी लिपि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★